EditorsBreaking

ताज़ा समाचार और नवीनतम अपडेट

मध्यप्रदेश

# मुख्यमंत्री मोहन यादव ने बनाया नया रिकॉर्ड, BJP के मुख्यमंत्रियों में दूसरे सबसे लंबे कार्यकाल वाले CM बने

प्रकाशित तिथि: 14 Nov 2026



मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने मुख्यमंत्री पद पर कार्यकाल को लेकर नया रिकॉर्ड बनाया है। 13 दिसंबर 2023 को शपथ लेने के बाद 14 नवंबर 2026 तक उन्होंने 1067 दिन का कार्यकाल पूरा कर लिया। इसके साथ ही वे मध्यप्रदेश में भाजपा के मुख्यमंत्रियों में दूसरे सबसे लंबे कार्यकाल वाले मुख्यमंत्री बन गए हैं।

इस मामले में पूर्व मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान उनसे आगे हैं। डॉ. मोहन यादव ने कार्यकाल के मामले में पूर्व मुख्यमंत्री उमा भारती, बाबूलाल गौर और सुंदरलाल पटवा को पीछे छोड़ दिया है। मोहन यादव के इस रिकॉर्ड के साथ मध्यप्रदेश की राजनीति में उनके कार्यकाल की चर्चा हो रही है। शिवराज सिंह चौहान का कार्यकाल अब भी भाजपा के मुख्यमंत्रियों में सबसे लंबा बना हुआ है।

टैग: #mp news #cm dr mohan yadav #shivraj singh chouhan #babulal gaur